प्रार्थना से परमेश्वर के करीब आइए (भाग 3)

बाइबल असल में क्या सिखाती है? के अध्याय 17 पर आधारित। यह किताब jw.org पर उपलब्ध है।

मकसद: जाँचिए कि आप क्या मानते हैं और ऐसा क्यों मानते हैं। देखिए कि बाइबल क्या सिखाती है और आप जो मानते हैं वह दूसरों को कैसे समझा सकते हैं।

क्या परमेश्वर सच में हमारी प्रार्थनाएँ सुनता है?

1 जाँचिए कि आप क्या मानते हैं

कुछ लोग शायद 'हाँ' क्यों कहें?

कुछ लोग शायद 'नहीं' क्यों कहें?

आप क्या मानते हैं?

आप ऐसा क्यों मानते हैं?

www.jw.org © 2017 Watch Tower Bible and Tract Society of Pennsylvania

2 जानिए कि पवित्र शास्त्र क्या सिखाता है

परमेश्वर हमारी प्रार्थनाओं का जवाब कई तरीकों से देता है।
(*बाइबल सिखाती है* किताब के अध्याय 17 के पैराग्राफ 16-18 देखें।)

नीतिवचन 12:25; इब्रानियों 1:13, 14 और याकूब 2:16 पढ़िए।
यहोवा किस तरह स्वर्गदूतों और भाई-बहनों के ज़रिए हमारी प्रार्थनाओं का जवाब देता है?

2 कुरिंथियों 4:7 पढ़िए।
जब हम अपनी मुश्किलों के बारे में प्रार्थना करते हैं, तो यहोवा हमें क्या देता है?



जिस तरह एक पिता सही वक्त आने पर अपने बच्चों की ज़रूरतें पूरी करता है, उसी तरह यहोवा भी सही वक्त आने पर हमारी प्रार्थनाओं का जवाब देता है

www.jw.org © 2017 Watch Tower Bible and Tract Society of Pennsylvania

हमें प्रार्थना में लगे रहना चाहिए और भरोसा रखना चाहिए कि यहोवा हमारी मदद ज़रूर करेगा।

(*बाइबल सिखाती है* किताब के अध्याय 17 के पैराग्राफ 19-20 देखें।)

लूका 11:5-10 पढ़िए।

भले ही हमें लगे कि यहोवा हमारी प्रार्थनाओं का जवाब देने में देर कर रहा है, फिर भी हमें प्रार्थना क्यों करते रहना चाहिए?

फिलिप्पियों 4:13 पढ़िए।

शायद यहोवा हमारी मुश्किलें दूर न करे, तो वह हमारी प्रार्थनाओं का जवाब किस तरह देगा?

यहोवा ने ***आपकी*** प्रार्थनाओं का जवाब कैसे दिया है? कुछ उदाहरण दीजिए।

www.jw.org © 2017 Watch Tower Bible and Tract Society of Pennsylvania

3 समझाइए कि आप क्या मानते हैं

अगर कोई कहे . . .

परमेश्वर को हमारी कोई परवाह नहीं है, इसलिए वह हमारी प्रार्थनाओं का जवाब नहीं देता।

आप कह सकते हैं . . .

दुख की बात है कि बहुत-से लोग ऐसा ही सोचते हैं। लेकिन मुझे यह जानकर दिलासा मिला कि . . .

आप उसे कौन-सी आयत दिखा सकते हैं?

वह जो मानता है उसे ध्यान में रखते हुए आप इस आयत से अपनी बात कैसे समझा सकते हैं?

अगर कोई कहे . . .

परमेश्वर सबसे शक्तिशाली है, उसे तो हमारी प्रार्थनाओं का जवाब तुरंत देना चाहिए।

आप कह सकते हैं . . .

बहुत-से लोग यही कहते हैं, पर ज़रा गौर कीजिए कि . . .

आप उसे कौन-सी आयत दिखा सकते हैं?

वह जो मानता है उसे ध्यान में रखते हुए आप इस आयत से अपनी बात कैसे समझा सकते हैं?

www.jw.org © 2017 Watch Tower Bible and Tract Society of Pennsylvania